महाराष्ट्र ने सूचना दी और चारे की उपलब्धता के लिए उन्होंने 12 करोड़ रूपये की माँग की थी तो उसमें 625 करोड़ रूपये यहाँ से उनको भेजे गये हैं। इसी तरह से बाद में तेलंगाना ने सूखे की घोषणा करने की सूचना दी है, लेकिन कोई अधिसूचना या कोई मेमोरेंडम नहीं दिया है। हरियाणा, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक ने जो अधिसूचना जारी की है वह और पूरा विवरण भी उन्होंने भेजा है। उसके बाद वहाँ टीम भी गई है, आंकलन भी हुआ है और वह पूरी रिपोर्ट एन.डी.आर.एफ. में जायेगी और उनको राज सहायता दी जाएगी। जहाँ तक महाराष्ट्र का सवाल है, हमारे चन्दूकांत खैरे जी बता रहे थे कि यह स्थिति पहले ही आ गई थी। यह स्थिति जुलाई-सितम्बर में ही आ गई थी। उस समय सरकार को घोषणा करनी चाहिए थी, लेकिन उस समय सरकार ने घोषणा नहीं की और इस बार सरकार ने न सिर्फ घोषणा की है, बल्कि बहुत अच्छा ज्ञापन बनाकर दिया है। परसों रात्रि में उनका ज्ञापन आया है और आज कृषि मंत्री जी स्वयं लेकर आये थे, कल वहाँ के मुख्यमंत्री जी से बातचीत हुई थी और एक-दो दिन में टीम वहाँ जाएगी। टीम का गठन हमने कर लिया है, लेकिन इसमें आठ मंत्रालयों के प्रतिनिधि भी जाएंगे, इसलिए एकाध दिन का विलम्ब हो सकता है, लेकिन वह टीम निश्चित जाएगी। महाराष्ट्र के चन्दूकांत खैरे जी अभी यहाँ नहीं हैं, लेकिन मैं उनको बताना चाहता हूँ कि मैंने वहाँ रिलीफ कमिश्नर से बातचीत की है कि महाराष्ट्र के अन्दर आपको पिछले वित्तीय वर्ष में भी एस.डी.आर.एफ. होता है, जिससे तत्काल सहायता दी जा सकती है, उसके मद में 567 करोड़ रूपए गए थे और एन.डी.आर.एफ. के द्वारा 1270 करोड़ रूपए गए थे। लेकिन 567 करोड़ रूपए जो एस.डी.आर.एफ. के अन्दर गए थे, उसके खर्चे का ब्यौरा नहीं आया है। इस वर्ष के लिए भी 403 करोड़ रूपए का आबंटन है, लेकिन कल जब हमने कमिश्नर से बात की तो उन्होंने कहा कि एक-दो दिन में हम उपयोगिता प्रमाण-पत्र भेजते हैं। जैसे ही उपयोगिता प्रमाण-पत्र आ जाएगा, यह 403 करोड़ रूपया हम भेजेंगे, लेकिन जब हमारी टीम जाएगी और उसके बाद जब रिपोर्ट आएगी, तो फिर वह रिपोर्ट एन.डी.आर.एफ. में जाएगी और निश्चित रूप से महाराष्ट्र की पूरी सहायता की जाएगी। आप देखेंगे तो आपको पता चलेगा कि महाराष्ट्र अकेला ऐसा राज्य है, जिसे वर्ष 2012-13 में और वर्ष 2013-14 में दोनों बार, एक बार 1800 करोड़ रूपया और एक बार 1200 करोड़ रूपया एन.डी.आर.एफ. से सहायता दी गई है। वहाँ पर पशुधन की बात भी चन्दूकांत खैरे जी कर रहे थे, लेकिन आपको जानकर आश्चर्य होगा कि पशुधन विकास योजना के लिए जो पैसे जाते हैं, वर्ष 2013-14 में पाँच हजार करोड़ रूपए गए थे और मुश्किल से 2200 करोड़ रूपए खर्च हुए थे, 2800 करोड़ रूपए खर्च नहीं हो पाए थे। इसमें राज्य सरकार के सहयोग की जरूरत है।

हुदहुद और बाढ़ पर हमारी इस चर्चा का उत्तर गृह मंत्रालय की ओर से आएगा, लेकिन मेरे पास एक आँकड़ा है। अभी उड़ीसा की चर्चा हो रही थी कि उड़ीसा के अन्दर एस.डी.आर.एफ. के तहत इस वर्ष 276 करोड़ रूपए रिलीज हुए हैं। 356 करोड़ रूपए का आबंटन है और 276 करोड़ रूपए रिलीज हुए हैं। खर्चा हो गया होगा, लेकिन ब्यूरोक्रेसी की ऐसी स्थिति है, हमारे मंत्रालय में भी वही स्थिति है और वहाँ भी यही स्थिति है कि खर्चा होने के बाद भी वे उसका उपयोगिता प्रमाण-पत्र नहीं भेजते हैं। अब यहाँ कागज में है कि पैसा खर्च नहीं हुआ, वहाँ कागज में होगा कि पैसा खर्च हो चुका है। जैसा पूर्व वक्ता ने बताया कि पैसा खर्च हो चुका है तो निश्चित रूप से जरा मंत्रालय में प्रयास करके इसका उपयोगिता प्रमाण-पत्र आ जाए तो वह पैसा भी जाएगा।

इसी तरह से उड़ीसा के संबंध में देखेंगे जो कृषि विकास की योजना है तो वर्ष 2013-14 में 813 करोड़ रुपये रिलीज़ हुए थे और 768 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। यह अच्छी उपलब्धि है। इस वर्ष के लिए 600 करोड़ रुपये का आवंटन है। उसमें 390 करोड़ रुपये रिलीज़ हुए हैं, अभी खर्चा 188 करोड़ रुपये हुआ है। उड़ीसा में हुदहुद का जो संकट है और निश्चित रूप से इस खर्च का रिपोर्ट जितनी जल्दी आएगी, तो शेष बचा एस.डी.आर.एफ. का पैसा जाएगा। महाराष्ट्र की सरकार और वहां की जनता को मैं निश्चित रूप से कहना चाहता हूं...(व्यवधान) मेरा विषय सूखे से संबंधित है जो महाराष्ट्र का है और यदि आप और जगह के आंकड़े जानना चाहेंगे तो वह भी मैं बता दूंगा।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: The hon. Minister has not concluded his reply. Why are you interrupting now? Please take your seat.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: The debate is not over. He is only intervening now. If you want, I will allow you after the Minister completes his reply. The Minister is on his legs. I cannot allow you now. Please take your seat.

Mr. Minister, please address the Chair.

श्री राधा मोहन सिंह : महाराष्ट्र में आज जो संकट है, हम सभी को पता है कि एन.डी.आर.एफ. से अतिरिक्त सहायता मिलेगी। एस.डी.आर.एफ. के पास...(व्यवधान) हमारे यहां से राज्यों के

पास...(व्यवधान) आप मेरी बात सुनिए।...(व्यवधान) यदि आप नोटिस देते हैं तो हम चर्चा के लिए तैयार हैं। अभी जो विषय है...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: I have told you that I will give you an opportunity to speak later. It is only an intervention that he is making now.

...(*Interruptions*)

श्री राधा मोहन सिंह : माननीय सदस्य का कहना सही है कि वहां सूखा जुलाई-अगस्त से है। उस समय की सरकार को यह क्लियर करना चाहिए था। इसे भारत सरकार डिक्लेयर नहीं कर सकती है। वहां के मुख्यमंत्री को हम बधाई देना चाहेंगे कि उन्होंने इसे डिक्लेयर किया। पिछले वर्ष की तुलना में वहां आधी वर्षा हुई। विदर्भ में तो इस वर्ष कुछ अच्छी वर्षा हुई है। मराठवाड़ा में तो पिछले वर्ष के मुकाबले में आधी वर्षा हुई है। उस समय की सरकार को वह क्षेत्र सूखाग्रस्त घोषित करना चाहिए था। परसों रात को आपका पेपर मिला है। हमने कल मुख्यमंत्री से बात की है, आज वहां के कृषि मंत्री जी के साथ बैठे थे। आपके रिलीफ कमिश्नर से हमने बात की है और हमारी टीम कल जा रही है। इतनी तत्परता से आज तक किसी सरकार ने न तो टीम का गठन किया है और न टीम गई है।

उत्तर प्रदेश ने चुनाव के समय घोषणा की थी। हरियाणा चुनाव का नोटीफिकेशन हुआ और एक दिन पहले घोषणा हुई तो तीसरे दिन हमने वहां टीम भेजी थी। लेकिन घोषणा करने का काम राज्य सरकार का है, भारत सरकार का काम घोषणा करने का नहीं है। आप देख रहे हैं कि इस देश के प्रधानमंत्री जिला मुख्यालय तक जाते हैं। कहीं आपदा आती है तो माननीय सदस्य बता रहे हैं कि पूरी दुनिया ने प्रशंसा की है कि जम्मू-कश्मीर में संकट आया, तो आज ऐसा नेतृत्व है कि देश पर किसी भी प्रकार का संकट आएगा, तो उस संकट का सामना करने का न केवल साहस है, बल्कि उस पर विजय प्राप्त करने का साहस इस सरकार और नेतृत्व के पास है।

श्री गजानन कीर्तिकर (मुम्बई उत्तर पश्चिम): महोदय, मैं मंत्री जी का आभार प्रकट करता हूं। मैं समझा कि मुझे सदन में अपनी बात रखने का मौका नहीं मिलेगा। महाराष्ट्र के सभी सांसद मंत्री जी से मिलने के बाद, जैसा मंत्री जी ने आश्वासन दिया, वैसे ही आश्वासन की पूर्ति की है, इसके लिए मैं हृदय से सरकार का, प्रधानमंत्री मोदी जी का और मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं।

महोदय, जैसा मेरे मित्र चन्द्रकांत खैरे जी ने बताया, वैसी दयनीय अवस्था हमारे महाराष्ट्र में है। यह एक गंभीर मुद्दा है। महाराष्ट्र के 43,663 गांवों में से करीब 19,059 गांवों की पैसेवारी 50 पैसों से कम है, यह मंत्री जी को मालूम है। बेमौसमी बरसात, बर्फबारी, बाढ़ तथा चक्रवाती तूफान जैसे संकटों में महाराष्ट्र का किसान पूरी तरह से जकड़ गया है। वहां 422 लोगों की मौत हो चुकी है, लोगों ने सुसाइड की है। जैसा मंत्री जी ने बताया कि यह जुलाई से ही शुरू हुआ था। जुलाई में कांग्रेस की सरकार थी तो हम उनके पीछे पड़े थे कि आप वहां सूखा घोषित करें, पर वह नहीं किया गया। यह जो भाजपा की नई सरकार आयी तो उनके पास जाकर हमने इसके लिए निवेदन किया। माननीय मंत्री जी ने सूखा घोषित करके वहां टीम भेजने की तैयारी की है। मैं मंत्री जी से गुजारिश करता हूं कि आपको उस टीम को वहां तत्काल भेजना चाहिए। आपके पास कल ही रिपोर्ट आयी है।...(व्यवधान) मंत्री जी, अगर वह टीम कल जा रही है तो आपको बहुत-बहुत शुक्रिया।

महोदय, इसके लिए 4,000 करोड़ रुपये की मांग है। जितना नुकसान हुआ है, हमने आपको सबका ब्यौरा दिया है। मैं उसके बारे में बोल कर इस सभागृह का समय नहीं लेना चाहता। एक रिपोर्ट है, वह मैं आपके सामने पेश करता हूं- According to the official figure, 15 districts comprising 11,800 villages are declared as drought affected. There is an acute water scarcity in 1,779 villages and 4,709 smaller habitations. Some of the villages are facing drought for the second consecutive year. यह सूखा दूसरी बार है। इससे विदर्भ में 6,200 गांव प्रभावित हैं। आपके पास ये सारी रिपोर्ट्स हैं।

हिन्दुस्तान के 25औ डैम महाराष्ट्र में हैं। हमारे जो सबसे बड़े डैम उजनी और ज़ायकवाड़ी में हैं, वे सूखे हैं। उनमें पानी नहीं हैं। वहां जानवर मर गए, वहां चारा नहीं हैं। हमारे सब विद्युत उपकरण टूट गए। अगर इनके लिए हमें 4,000 करोड़ रुपये की राहत मिलेगी तो हम इसका बहुत अच्छी तरह से मुकाबला कर पाएंगे।

महोदय, मैं आपके सामने एक अन्तिम बिन्दु रखना चाहता हूं। जब यह सूखा आता है तो सूखे के लिए हम लोग तुरंत मदद देते हैं, लेकिन उसका असर काश्तकार पर अगले दो-तीन वर्षों तक पड़ता है। आज की जो मदद मिली है, उस मदद के बाद भारत सरकार की जो स्कीम है, जैसे क्रेडिट-कम-सब्सिडी स्कीम, स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना, इन्दिरा आवास योजना इत्यादि, उनका लाभ वहां के आपदाग्रस्त काश्तकारों को आने वाले दो वर्षों में ज्यादा देनी चाहिए। यह सेवा निरंतर होनी चाहिए, ताकि ये किसान अपना जीवन अच्छी तरह से चला सके।

महोदय, मैं सारे महाराष्ट्र की जनता, अपनी पार्टी शिव सेना और सूखा प्रभावित गांवों के काश्तकारों की तरफ से माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय मंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

श्री बदरुद्दीन अजमल (धुबरी): स्पीकर साहब, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया कि आपने इस बहुत ही सीरियस इश्यू के ऊपर मुझे बोलने का मौका दिया है।

डिप्टी स्पीकर साहब, इस ने लाखों लोगों की ज़िंदगी उजाड़ दी। इसमें बहुत लोग अपनी जान गंवा बैठे। वहां लोगों के घर के घर तबाह हो गए, आबादी की आबादियां तबाह हो गयीं। आंध्र प्रदेश का हुदहुद हो, ओडिशा का हो, कश्मीर का हो या असम का हो, तबाही सब एक जैसी होती है। बहुत से लोग दाना-दाना, तिनका-तिनका जोड़कर पचासों साल में अपना घर बनाते हैं। जब इस किस्म की आपत्ति आसमान से आती है, तो उनकी पूरी जिन्दगी तबाह हो जाती है और फिर नस्लों तक उनका घर नहीं बन पाता है। यह जिन लोगों के साथ होता है, वही लोग इसका अन्दाजा कर सकते हैं, दूसरे लोग इसका अन्दाजा नहीं कर सकते हैं।

मैं खुद कश्मीर गया और मैं पांच दिन वहां रहा। मैंने वहां लोगों की हालत देखी। आंध्र प्रदेश में हुदहुद से नुकसान हुआ। असम में तीन जगह क्लाउड बर्स्ट हुआ। 42 लाख लोग उससे इफेक्टेड हुए, 23 डिस्ट्रिक्ट उसके अन्दर प्रभावित हुए और कई लाख हेक्टेअर जमीन उसके अन्दर तबाह और बर्बाद हो गयी। जमीनों के ऊपर बालियां चढ़ गयीं और उसके ऊपर रेती चढ़ गयी। अब पता नहीं यह कब ठीक होगा? कैसे इन लोगों की जिन्दगी गुजरेगी? एक झोपड़ा भी इन लोगों के पास रहने के लिए नहीं हैं। गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ने 674 करोड़ रूपए का पैकेज दिया। हम गवर्नमेंट ऑफ इंडिया का शुक्रिया अदा करते हैं, मोदी जी का शुक्रिया अदा करते हैं। यह पैसा असम के लिए बहुत कम है। मैं कश्मीर में गया, तो वहां के लोगों ने बताया कि पैकेज सेंट्रल से आया है, लेकिन हमें नहीं मालूम कि हमें कब मिलेगा। सब जगह यही अफसोस है। मैं खुद अपने यहां डिस्ट्रिक्ट मानीटरिंग विजिलेंस कमेटी का चेयरमैन हूं, लेकिन हम लोग सिर्फ बैठकर रिपोर्ट देखते हैं। रिपोर्ट में 98 परसेंट से नीचे कंप्लीट कुछ लिखा ही नहीं होता है। 98, 99, 100 परसेंट कंप्लीटेड, मतलब हैंड्रेड परसेंट पैसा खा लिया गया और खाकर कंप्लीट कर दिया गया। गरीब लोग अपनी जगह पर रह जाते हैं, जो उजड़े हैं, वे अपनी जगह पर रह जाते हैं, जो उनकी तबाही और बर्बादी है, वह अपनी जगह पर रह जाती है।

आज साइंस का जमाना है। साइंस एंड टेक्नॉलाजी बहुत आगे बढ़ चुकी है। जैसे हुदहुद के मामले में एक हफ्ते पहले से हमने देखा कि टेलीविजन के ऊपर वार्निंग आ रही थी, सरकार वार्निंग दे रही थी, इसलिए पांच लाख लोगों को दूसरी सेफ जगहों पर पहुंचा दिया गया। वहां तबाही हुई, लेकिन वह नहीं हुआ, जो कश्मीर में हुआ, वह नहीं हुआ, जो असम में हुआ। यह साइंस एंड टेक्नॉलाजी का काम है। हमारे यहां डिजास्टर मैनेजमेंट है और गवर्नमेंट के बहुत से विभाग हैं, असम में ब्रह्मपुत्र कंट्रोल बोर्ड है, हर चीज का विभाग है। उन ऑफिसेज को देखकर ऐसा लगता है कि शायद किसी ने पांच-छः साल से उसका ताला भी नहीं खोला होगा। पैसा पूरा जाता है और अफसोस की बात है कि वह पूरा का पूरा खत्म हो जाता है। यहां रिपोर्ट आ जाती है कि हैंड्रेड परसेंट पैसा यूटीलाइज हो गया। साइंस एंड टेक्नॉलाजी का इस्तेमाल बारिश आने से पहले, तबाही और बर्बादी होने से पहले, क्लाउड बर्स्ट होने से पहले किया जाए।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाहूंगा, क्योंकि हर तरफ के लोग इसे भुगत रहे हैं। क्या यह पहले से लोगों को नहीं बताया जा सकता है? असम में जो हुआ,

कश्मीर में जो हुआ, वह तबाही नहीं होती, जो कश्मीर में हुयी, जो असम में हुयी, वह तबाही नहीं होती। 1.24 करोड़ हेक्टेअर जमीन बर्बाद हो गयी। ये लोग कहां जाएंगे? ब्रह्मपुत्र नदी में हर साल सैलाब आता है। हर साल इसमें तबाही आती है। इसमें केवल एक आदमी का घर नहीं उजड़ता, उसकी खेती नहीं उजड़ती, पूरे साल की बच्चों की शिक्षा बर्बाद हो जाती है। वे डिसप्लेस हो जाते हैं। उनको पता नहीं कहां से कहां जाना पड़ता है। कोई जाकर फॉरेस्ट की जमीन में शेल्टर लेता है, कोई हाईवे की साइड में झोंपड़े बनाकर रहते हैं। इस तरह से उनके बच्चों की पढ़ाई बर्बाद हो जाती है।

यह बहुत इंपोर्टेंट विषय है। इसके ऊपर जो आपने मुझे चर्चा करने का मौका दिया, मैं उसके लिए शुक्रगुजार हूं। मैं यही कहना चाहूंगा कि जो हमारे विभाग हैं, उनका इस्तेमाल किया जाए, लोगों को पहले से इसके बारे में मालूम हो। ऊपर की कुदरत से क्या आएगा, आज हम मालूम कर सकते हैं, मुझे उम्मीद है कि इसका फायदा उठाया जाएगा।

इसी के साथ आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।

SHRIMATI ANUPRIYA PATEL (MIRZAPUR): At the very outset, I would like to thank the hon Deputy-Speaker for calling me to speak on this subject.

Sir, India has been a victim to almost every form of destruction by nature, be it floods, droughts, famines, landslides etc. Lately, we have had the worst floods in Jammu and Kashmir, the cyclone Hudhud in Andhra Pradesh and Odisha as also the worst drought in Maharashtra causing tremendous loss.

Sir, it is very unfortunate that we as a nation are a disaster when it comes to dealing with natural disasters. We do not have any preparedness to deal with these natural calamities. We wake up to these disasters only when they strike, not before or after. This is why, it is not the disaster *per se* which causes more deaths but it is our lack of preparedness and our inability to handle these disasters which increases the casualty rate. Our Environmentalists, our Ecologists have been warning us repeatedly that we are causing damage to the nature. But our planning for developmental activities and construction still does not take cognizance of the damage and the risk that we pose to our ecosystem. It is high time that protecting our ecology, our ecosystem and our nature became our priority.

We have had the National Disaster Management Act in 2005 in this Parliament which envisaged the creation of the NDMA, an apex body under the chairmanship of the hon. Prime Minister, to lay down the guidelines and policies for dealing with these disasters, effective management of these disasters, risk mitigation and the prevention of such calamities across the nation. But we have seen how ineffective it has proved to be in the case of Jammu and Kashmir when people, Government, Armed Forces, everybody was caught unawares. This is when the CAG also in its report mentioned that the NDMA has been ineffective since the time of its inception seven years back. It does not have any information about the progress regarding the disaster management works which are being taken up by the State Governments. Also, several crucial posts in the NDMA are still lying vacant. To add to this, the NDMA has been working without the Core Advisory Committee of Experts which is mandatory. At the top of it, the NDMA is supposed to be supplemented by the SDMAs in every State. In Andhra Pradesh and Odisha the NDMA's role was appreciated because the two States had their State disaster management rescue forces which were fully capacitated; the States were fully equipped. NDMA is supposed to support the role of the States. So it is a major challenge that if the States do not have the SDMAs then it is very difficult for the NDMA to operate with efficiency because it is only the State which is going to provide a network from the district headquarters to every village, every nook and corner of the State and the NDMA can provide any form of relief and assistance.

Many of my colleagues in the House have given a suggestion for creating a separate Ministry. However, I do not feel the need for the same. I feel that if we can make certain changes with our political will, if we can strengthen our existing National Disaster Management Authority, we can serve the purpose.

There are certain steps which can go a long way in providing teeth and nails to the NDMA and empowering the NDMA. For example, the NDMA should be empowered to issue directions to the State to comply with its guidelines. Also, the fire and civil defence authorities should be brought under the NDMA. Apart from this, the NDMA clearance must be made mandatory to carry out construction and developmental activities in the flood and earthquake prone areas. Also, the National Disaster Mitigation Fund should be created in order to strengthen this Agency.

I feel, with these efforts and making this a political priority, we can strengthen our NDMA and we can take care of the disasters across the nation with more efficiency. Thank you so much for giving me this opportunity.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): उपाध्यक्ष महोदय, जम्मू-कश्मीर और आंध्रप्रदेश में जो प्राकृतिक विपत्ति आई, वहां प्रधानमंत्री जी तुरंत पहुंचे। मैं पिछले अनेक वर्षों से प्राकृतिक आपदाओं के समय सर्वोच्च नेतृत्व का व्यवहार देखता आ रहा हूं, मैं कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं, परन्तु प्रधानमंत्री जी वहां गये तो निश्चित रूप से उन्होंने देश को एक संदेश दिया है। चर्चा में बातें विस्तार से बताई गई हैं।

कुल मिलाकर आपत्ति के समय यदि हम संवेदनशील हृदय के साथ आगे नहीं बढ़ सकते, पूरे देश को एक मानकर अपनी सम्पूर्ण शक्ति उसमें नहीं लगा सकते तो आपत्तियों से छुटकारा पाना बहुत मुश्किल है। संवेदनशीलता स्वयं में बहुत महत्वपूर्ण है और माननीय प्रधान मंत्री जी ने स्वयं तत्काल इन स्थानों पर जाकर इस प्रकार का संदेश पूरे देश की जनता को दिया है। मैं उनका बहुत-बहुत अभिनन्दन करता हूं।

तेरे पांव में कांटा लगे, मुझे दर्द का एहसास हो,

तेरी मुस्कुराहट छीन ले तो दिल मेरा उदास हो।

यदि यह भाव नहीं है तो हम कैसे किसी की तकलीफ दूर करने की कोशिश करेंगे। मैं पुन: इस बात को कहकर बहुत टिप्पणी नहीं करना चाहता, परन्तु मैंने केदारनाथ की त्रासदी के दृश्य देखे हैं, मैं स्वयं वहां गया था। किस प्रकार के रीजनीतिक आधार पर उसमें निर्णय किए गए, वहां राहत कार्य को रोका गया। कई बार ऐसा लगता है कि जैसे उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा या जम्मू कश्मीर की जनता केवल उन प्रदेशों के राजनीतिक नेतृत्व की ही जनता है। वे सब राष्ट्रीय नागरिक हैं। उनकी सहायता, सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। उसे रोका जाना या उसके रास्ते में किसी प्रकार की बाधा पैदा करना सर्वथा अनुचित है। इस प्रकार का दृष्टिकोण इसलिए हुआ क्योंकि संभवत: व्यक्ति में राष्ट्रीय संवेदनशीलता का अभाव था, संभवत: राजनीतिक सोच की कमी थी, मैं इस बात को बहुत तकलीफ के साथ कह रहा हूं कि संभवत: वोट बैंक की राजनीति वहां हावी हो रही थी।

मैं कल भी बहस देख रहा था। एक प्रकार का अविश्वास विपक्ष के दल करते हैं कि संभवत: केन्द्र सरकार मदद देगी या नहीं। हमारे टीएमसी के अनेक सांसद कल जब प्रश्नोत्तर काल में सवाल पूछ रहे थे तो मेरे ध्यान में यह बात आ रही थी कि शायद जो पिछली परम्पराएं, विधियां हैं, उनके कारण वे आशंकित हैं। मैं पुन: प्रधान मंत्री जी का अभिनन्दन करना चाहता हूं कि वे जब यह कहते हैं कि हम 125 करोड़ देश के नागरिकों को साथ लेकर विकास करेंगे, वे उसी प्रकार व्यवहार करते हैं। उसी कारण आज आपदा से निपटने में जो भी उपाय हुए हैं, उनमें गुणवत्ता दिखाई देती है, गति दिखाई देती है।

समय की सीमा है, इसलिए मैं केवल एक-दो सुझाव देना चाहता हूं। Prevention is better than cure.

दुख में सुमिरन सब करें, सुख में करे न कोय,

जो सुख में सुमिरन करे, तो दुख काहे को होए।

मुझे लगता है कि फौजें शान्ति काल में जितना पसीना बहाती हैं, उन्हें युद्ध के समय कम खून-पसीना बहाना पड़ता है। अभी हमारे से पूर्व सदस्या ने भी इस बात का उल्लेख किया। कुल मिलाकर हमारे कॉप्रीहैंनसिव चिंतन में कहीं अभाव दिखता है। हम होलिस्टिक व्यू से भटकते हैं। कहीं तूफान आया, कहीं भूकम्प आया, लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार में लगभग नियमित रूप से बाढ़ आती है। हम वहां इंतजाम क्यों नहीं कर सकते। मुझे लगता है कि हमारा जल प्रबंधन, चाहे वह अंडरग्राउंड वाटर का हो, हमारी नदियों की कैपेसिटी बढ़ाने का विषय हो, चाहे तालाब निर्माण करने का विषय हो, हम इस प्रकार की व्यवस्थाएं करेंगे, इकोलॉजिकल बैलेंस को ध्यान में रखेंगे तो इन समस्याओं से निपटने में हमारी क्षमता बढ़ेगी।...(व्यवधान)

आपने घंटी बजा दी है, मेरे समय की सीमा का संकेत दिया है। मैं पुन: सहायता आदि के लिए अभिनन्दन करते हुए विश्वास व्यक्त करता हूं कि आगे हमारी तैयारी और बेहतर होगी। हम इस प्रकार के किसी भी संकट को अवसर में बदलने में सफल होंगे। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे इस गंभीर मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आज जम्मू कश्मीर में बाढ़, आंध्र प्रदेश, ओड़िशा में साइक्लोन और महाराष्ट्र में सूखे के बारे में यहां चर्चा हो रही है। मैं बताना चाहूंगा कि अकेला महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि हरियाणा, राजस्थान का थोड़ा हिस्सा, पंजाब का थोड़ा हिस्सा और उत्तर प्रदेश का थोड़ा हिस्सा भी इस बार सूखाग्रस्त हुआ है। मंत्री जी ने जब अपने शब्द रखे थे तो कहा था कि हरियाणा में भी हमने इसे गंभीरता से उठाया है।

इस सदन का सबसे छोटा सांसद होने के नाते मुझे इस सैशन में दूसरी बार यह चर्चा सुनने को मिली। पिछली बार भी हमने सिर्फ सूखे और बाढ़ के बारे में चर्चा करने में छ: दिन लगाए। आज भी शायद चौथा दिन है, हम इसी पर चर्चा कर रहे हैं, बड़ी गंभीरता के साथ इस मुद्दे को उठाना पड़ेगा। अगर सूखे की बात करें तो इसका कारण है कि हम किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंचा सकते। मैं सदन से अपील करूंगा कि एकजुट होकर इस आवाज को उठाएं। माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने वर्ष 2003 में इस बात को रखा था कि इस देश की सभी नदियों को जोड़ा जाएगा। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी इस बात को दोहराया है कि सभी नदियों को जोड़ जाएगा। मैं अपील करता हूं, आप सभी हमसे उम्र में बड़े हैं, नदियों को जोड़ने का प्रयास हम इसी सेशन के दौरान शुरू करें। अगर नदियां जोड़ दी जाएंगी, तो मुझे नहीं लगता कि पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में कभी सूखे की हालत किसानों को देखने को मिलेगी। वर्ष 2003 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा सतलुज-यमुना को लिंक का दिशानिर्देश दिया गया था। भारत की सरकार सतलुज-यमुना को जोड़ने का काम जल्द से जल्द शुरू करे। महोदय, जहां सूखे की बात आती है, सरकार बड़े आराम से ग्रांट रिलीज कर देती है। मगर जब ग्रांट किसानों तक पहुंचती है, उसमें अनेकों महीने लग जाते हैं। कई बार ऐसी हालत होती है कि जब किसानों के पास चेक जाता है तब दो रुपये, तीन रुपये और पांच रुपये का चेक भी हमारी सरकार ने किसानों को देने का काम किया है। क्या एक एकड़ जमीन पर जब किसान खेती करता है, उसकी वैल्यू लगाने का काम सरकार दो रुपये और तीन रुपये करती है? हरियाणा के झज्जर में, रेवाड़ी में, मेवात में, अनेकों किसानों को पिछली यू.पी.ए सरकार ने दो रुपये, पांच रुपये का चेक देने का काम किया था। अब, दुबारा सूखा आया है, सरकार ने हरियाणा को सूखाग्रस्त घोषित कर दिया है, किंतु प्रदेश की सरकार ने अभी मात्र 5 डिस्ट्रिक्ट्स को सूखाग्रस्त घोषित किया है। मैं माननीय कृषि मंत्री से अपील करूंगा कि सरकार से जल्द जवाब मांगे और सभी 21 जिलों के किसानों की गिरदावरी करवाकर उनको सूखाग्रस्त कराकर उनको मुआवजा जल्द से जल्द पहुंचाने का काम करें। मैं एक सुझाव देना चाहूंगा, जब केन्द्र सरकार की तरफ से पैसा जाता है, जिस तरह मेरे से पूर्व सांसद बोल रहे थे कि जब तक कम्पलीशन सर्टिफिकेट नहीं आता, तब तक पूरा पैसा रिलीज नहीं होता। क्या केन्द्र सरकार एक सेपरेट एजेंसी बना सकती है, क्योंकि, बाढ़ और सूखे के काम तत्काल होने वाले काम हैं, वह एजेंसी जल्द एक्टिव हो, जल्द से जल्द किसानों तक पैसा पहुंचाने का काम यह सरकार करें। मैं निवेदन करूंगा कि जल्द एक ऐसी एजेंसी बनाने का प्रावधान किया जाए। जिस तरह सभी सांसदों ने एन.डी.आर.एफ के बहुत अच्छे योगदान की सराहना की, उसने जम्मू-कश्मीर और उड़ीसा में बहुत अच्छा कार्य किया, उसकी सबने सराहना की, मगर Prevention is always better than cure. हमारा मेट्रोलोजिकल डिपार्टमेंट है, वह इतना वेल इक्यूप्ड नहीं है कि परफेक्शन को लेकर आ पाए। मैं सरकार से अपील करूंगा कि एन.डी.आर.एफ को ऐसी ऐथारिटी दी जाए, जिसके तहत वह प्रिवेंशन का कार्य पूरा कर पाए। जो कल करने वाली चीज है, उसको आज करके किसानों को सुरक्षित करने का काम करे। आजकल पूरी दुनिया में हम देखते हैं कि ऐसे संकट आते हैं, अमेरिका में साइक्लोन आता है।

माननीय उपाध्यक्ष : Minister wants to say something.

श्री राधा मोहन सिंह : उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्से नहीं, बल्कि 44 जिलों को वहां की सरकार ने सूखाग्रस्त घोषित किया है, हरियाणा के सभी 21 जिलों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है। दोनों जगहों पर हमारी टीम गई थी, टीम ने आकर उसका पूरा आकलन तैयार किया है। हरियाणा से कुछ और पेपर मांगे गए हैं, एन.डी.आर.एफ में रिपोर्ट जाएगी, हरियाणा के सभी जिलों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है।

श्री दुष्यंत चौटाला : मंत्री जी ने जानकारी दी कि हरियाणा के सभी 21 जिलों को सूखाग्रस्त घोषित कर दिया गया है। जिस किसान का खेत चार महीने से सूखा पड़ा है, मैं अपील करूंगा, प्रदेश में भी आपकी सरकार है। इस कार्य को तत्काल कराया जाये। किसानों का मुआवजा हरियाणा के उन 21 जिलों में जल्द से जल्द पहुंचाया जाये, क्योंकि आज भी हरियाणा सरकार केवल मात्र पांच डिस्ट्रिक्ट्स को ही सूखाग्रस्त जिला घोषित करके बैठी है। आज भी बाकी बचे हुए 16 डिस्ट्रिक्ट्स सूखे की मार में बैठे हैं, जिसे सरकार सूखा घोषित नहीं कर पायी। जो गिरदावरी का कार्य है, जो अधिकारियों का कार्य है, मैं अपील करूंगा ...(व्यवधान)

श्री राधा मोहन सिंह : इसे हमने घोषित नहीं किया। जो चुनाव अधिसूचना जारी हुई, उसके दो दिन पहले हमारी सरकार थी, किसकी सरकार थी, इसमें भेदभाव नहीं करना चाहिए। उस समय हमारी सरकार नहीं थी, लेकिन उन्होंने सभी जिलों को सूखा घोषित किया है। वहां जो टीम गयी है, उसने सभी जिलों का सर्वे किया है। वह सभी जिलों की रिपोर्ट लेकर आयी है। आप अपनी जानकारी ठीक कर लीजिए, मेरा यही सुझाव है। ...(व्यवधान)

श्री दुष्यंत चौटाला : मंत्री जी, मेरा आपसे यही अनुरोध है कि प्रदेश में आपकी सरकार है। आप उस सरकार से कहकर जल्द से जल्द उन 21 जिलों को सूखाग्रस्त जिला घोषित करायें।

उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे इस गंभीर मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI T.G. VENKATESH BABU (CHENNAI NORTH): Hon. Deputy Speaker, Sir, disasters occur. In most cases, they are natural and unpredictable. Various diverse factors, natural and human induced, adverse geo-climatic conditions, topographic features, environmental degradation, etc., are reasons for disasters. We must accept the fact that whenever any disaster occurs, the mother earth which bears all natural and human induced activities on its surface and sub-Âsurface, atmosphere etc., put us in an unenviable position. On innumerable occasions, throughout the world disasters have occurred with unimaginable negative impacts. However, human efforts have been taking place continuously to successfully overcome

them. India is no exception.

The Indian sub-continent with its geographical location south of Himalayan ranges and having a long coastal region covering its deccan plateau is prone to many natural disasters. We have faced many calamitous situations throughout our history and in order to meet the disaster situations, we have presently in place a National Disaster Management Authority, headed by the Prime Minister, and State Disaster Management Authorities headed by respective Chief Ministers to spearhead and implement a holistic and integrated approach to disaster management in India. More and more involvement of State Governments in disaster preparedness is the most important thing. The projects to sensitize the school children in disaster preparedness and disaster management are a welcome step.

Due to proper stewardship and guiding spirit, the impact of many disasters have been contained to the most minimal levels like that one happened during tsunami. The political will at that time to direct and constantly engage the authorities for swift and tireless action prevented damages to the lowest levels. The World Bank has approved the Tsunami Reconstruction Project to repair damaged houses and provide for multi-hazard resistant houses, reclaim agricultural lands, strengthen fisheries infrastructure etc. The rehabilitation action was more than the targeted one.

Overdrawing natural resources has been proved to be one of the major causes of disaster other than the naturally happening one. Hence the thinking of sustainable disaster management has dawned worldwide and is really going to help us in disaster preparedness and disaster management.

Tamil Nadu, in particular, due to its geographic location with vast coastal line is prone to recurring cyclone threats. Monsoon brings with it the added misery of inundation of crops by heavy and continuous downpour of rains and flooding. Despite preparedness, the havoc caused is more than the expected. But many drought prone districts of Tamil Nadu suffer heavily due to scanty and insufficient rains.

There is a need for constant review of the situations like drought, flood, earth quake, etc., year-round so that the bad effects are contained. The Government of India should be liberal to help the States in dealing with situations of disaster. Therefore, we should strive to achieve our goals on a mission mode. Thank you, Sir.

HON. DEPUTY SPEAKER: The House stands adjourned to meet again tomorrow, the 5th December, 2014 at 11.00 am.

18.00 hrs.

The Lock Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Friday, December 5, 2014/ Agrahayana 14, 1936 (Saka).

---

* ण्ड्ढ म्न्द अ ठ्ठिद्धत्द्वड्ड ड्डद्दध्ड्ढ ण्ड्ढ दड्डड्ढ द्दढ ड्ड ग्ड्ढथ्ड्डड्ढद्ध त्दड्डत्ठ्ठय्ड्ढम् ण्ड्ढद्य ण्ड्ढ द्वड्डद्धद्य्त्तद ड्ढम् ड्डहय्द्वड्डथ्न् ड्डत्ड्ढड्ड द्द ण्ड्ढ ढथ्द्दद्ध द्दढ ण्ड्ढ Hदद्वम्ड्ढ डन् ण्ड्ढद्य ग्ड्ढथ्ड्डड्ढद्ध.

* ग़्द्दद्य् द्धड्ढहद्दद्धड्डड्ढड्ड.

* ग़्द्दद्य् द्धड्ढहद्दद्धड्डड्ढड्ड.

* ग़्द्दद्य् द्धड्ढहद्दद्धड्डड्ढड्ड.

* Eदथ्त्द्रर्ण् य्द्धड्डदथ्ड्ढय्त्त्द्द द्दढ ण्ड्ढ म्द्रड्ढड्ढहण् द्दद्धश्न्त्दड्डथ्न् ड्डड्ढथ्त्ध्ड्ढद्धड्ढड्ड त्द ड्ढत्थ्.

* Eदथ्त्द्रर्ण् य्द्धड्डदथ्ड्ढय्त्त्द्द द्दढ ण्ड्ढ च्द्रड्ढड्ढहण् द्दद्धश्न्त्दड्डथ्न् ड्डड्ढथ्त्ध्ड्ढद्धड्ढड्ड त्द ड्ढत्थ्.

* Eदथ्त्द्रर्ण् य्द्धड्डदथ्ड्ढय्त्त्द्द द्दढ ण्ड्ढ च्द्रड्ढड्ढहण् द्दद्धश्न्त्दड्डथ्न् ड्डड्ढथ्त्ध्ड्ढद्धड्ढड्ड त्द ग्ड्डथ्ड्डड्ढथ्ड्डथ्.

* Eदथ्त्द्रर्ण् य्द्धड्डदथ्ड्ढय्त्त्द्द द्दढ ण्ड्ढ म्द्रड्ढड्ढहण् द्दद्धश्न्त्दड्डथ्न् ड्डड्ढथ्त्ध्ड्ढद्धड्ढड्ड त्द ग्ड्डथ्ड्डड्ढथ्ड्डथ्.

* ग़्द्दद्य् द्धड्ढहद्दद्धड्डड्ढड्ड.

* ग़्द्दद्य् द्धड्ढहद्दद्धड्डड्ढड्ड.

* Eदथ्त्द्रर्ण् य्द्धड्डदथ्ड्ढय्त्त्द्द द्दढ ण्ड्ढ च्द्रड्ढड्ढहण् द्दद्धश्न्त्दड्डथ्न् ड्डड्ढथ्त्ध्ड्ढद्धड्ढड्ड त्द घ्द्वदड्ढडत्.

* ग़्द्दद्य् द्धड्ढहद्दद्धड्डड्ढड्ड.